## <u>शोध एवं आलेख हेतु दिशा–निर्देशः–</u>

1. शोधपत्र एवं आलेख मौलिक होने अनिवार्य है, ये किसी अन्य प्रकाशक को प्रस्तुत नहीं होने चाहिए।
2. शोधपत्र एवं आलेख माइक्रोसॉफ्ट वर्ड (MS Word) में लिखे जाएंगे।
3. लाइन स्पेसिंग 1.5, फॉन्ट–12,14 क्रमशः Times New Roman, Krutidev 10 (शीर्षकों और उप–शीर्षकों सहित)
4. भाषा– ब्रिटिश अंग्रेजी/हिन्दी।
5. शोधपत्र संरचनाः–
    - अध्याय का शीर्षक।
    - लेखक का नाम संस्थागत संबद्धता, फोन नंबर और ई–मेल।
    - सरांश।
    - परिचय।
    - मुख्य शीर्षक।
    - उप–अनुभाग शीर्षक।
    - अन्य उप–अनुभाग शीर्षक।
    - निष्कर्ष।

7. अध्याय खंडों की संख्या को क्रमिक रूप से किया जाएगा।

8. शब्दावली और संक्षिप्त शब्द– पहले पूर्ण रूप में लिखे जाने चाहिए तत्पश्चात शोधपत्र में संक्षिप्त शब्द का प्रयोग किया जा सकता है।

9. संख्याओं–आंकड़ों के प्रदर्शन में हजार संख्या के लिए अल्पविराम का प्रयोग किया जाएगा, उदाहरण– 5,000।

10. आंकड़े और तालिकाओं के लिए केवल लेखक की रचनाओं का उपयोग किया जाना होगा। यदि अन्य स्रोतों से लिया जाता है, तो उचित उद्धरण/स्रोत का उल्लेख किया जाना होगा।

11. गणितीय अभिव्यक्ति में आंकड़ों को इस प्रकार से दर्शाया जाए, जिससे उन्हें आसानी से मुद्रित किया जा सके।

12.शोधपत्र/आलेख में प्रयुक्त कॉपीराइट सामग्री की अनुमति प्राप्त करने का दायित्व लेखक का होगा।

13. शोधपत्र एवं आलेख की शब्द सीमा 3,000 से 7,500 के मध्य होनी चाहिए।

14. पेज मार्जिन को सामान्य पर सेट किया जाना होगा, (2.54 सेंटीमीटर)।

15. शोधपत्रों/आलेखों की **साहित्यिक चोरी (Plagiarism)** की जाँच की जाएगी। 15–20 प्रतिशत से अधिक समानता सूचकांक वाले शोधपत्रों एवं आलेखों पर विचार नहीं किया जाएगा या उसे तद्नुसार संशोधित करने के लिए कहा जाएगा।

16. शोधपत्र/आलेख में तालिकाओं एवं आरेखों को ऊपर दिए गए शीर्षक के साथ क्रमिक रूप से, क्रमांकित करने के साथ स्रोत को तालिका/आलेख के नीचे बांयी ओर दिया जाना अनिवार्य होगा।

17. मानचित्र/चित्रों का प्रयोग तभी किया जाए जब वे शोधपत्रों/आलेखों में चर्चा के लिए प्रासंगिक हों।

18. सभी फोटोग्राफ एवं स्कैन की गयी सामग्री का रिज़ॉल्यूशन न्यूनतम 300 डी.पी.आई. और 1,500 पिक्सल होना चाहिए और उनका प्रारूप जे.पी.ई.जी. प्रारूप में होना चाहिए।

19. शोधपत्र एवं आलेख के प्रमुख तथ्यों को सारांश में लिखा जाना होगा, जिसकी शब्द सीमा 250 शब्द एवं अधिकतम 8 मुख्य शब्द (Keywords) तक होगी।

20. लेखों/आलेखों को विशेषज्ञ सहकर्मी समीक्षा(Peer Review) के पश्चात, स्वीकृत/अस्वीकृत करने एवं पत्रिका के आगामी संस्करणों हेतु सुरक्षित रखने का अधिकार सम्पादक का होगा।

21. संदर्भ शैली– शोधपत्र में उद्धरणों और संदर्भों के लिए **APA 7th** संस्करण शैली का प्रयोग किया जाएगा। उदाहरण–Last name, First Initial. (Year, Month Day). Article title. Magazine/Journal/Newspaper Title, Volume number(Issue number), Page numbers of the entire article.